बीएसई ↓ 78.64 26,902.82
एनएसई ↓ 25.25 8,102.10
सोना ↑ 70 27,570 (प्रति 10 ग्राम)
चांदी ↑ 250 37,550 (प्रति किग्रा)
डॉलर ↓ ₹0.06 63.44
यूरो ↑ ₹0.52 75.27

न्यूज डायरी

क्रेडिट, डेबिट कार्ड से अब बिना स्वैपिंग कर सकेंगे खरीदारी

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र में देश के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने देश के पहले कॉन्टेक्टलेस क्रेडिट व डेबिट कार्ड लांच किया है। इस कार्ड के जरिए सिर्फ कार्ड को दिखाकर इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट किया जा सकता है। भुगतान के लिए ग्राहक को मर्चेन्ट टर्मिनल में कार्ड की डिपिंग या स्वैपिंग की जरूरत नहीं पड़ती। इस तरह नियर फील्ड कम्यूनिकेशन (एनएफसी) तकनीक पर आधारित यह कार्ड क्लोनिंग और अन्य तरह की गड़बड़ियों से निजात दिलाते हैं और पारंपरिक क्रेडिट व डेबिट कार्ड से ज्यादा सुरक्षित होते हैं। इसके अलावा इसमें ट्रांजेक्शन को पूरा करने में पारंपरिक कार्ड की तुलना में समय भी कम लगता है। बैंक के मुताबिक उसके कोरल कॉन्टेक्टलेस क्रेडिट कार्ड और एक्सप्रेशंस वेव डेबिट कार्ड क्रमश: मास्टरकार्ड कॉन्टेक्टलेस और वीजा पेवेव तकनीक पर आधारित हैं। बैंक ने शुरुआती तौर पर गुड़गांव, हैदराबाद और मुंबई में इन काड्‌र्स को पेश किया है।

नटराज का रेसिपी रेडी पैक

नई दिल्ली। नटराज आपके लिए रेसिपी रेडी की एक्सक्लूसिव रेंज लेकर आया है। रेसिपी रेडी नट्‌स, ड्राइड फ्रूट और बेरीज की व्यापक रेंज से तैयार किया गया है। ये रेसिपी रेडी पैक किसी भी व्यंजन का भाग हो सकते हैं। इनका इस्तेमाल भारत में पेशेवरों द्वारा किया जाता है। बेहतर गुणवत्ता वाले ये उत्पाद अब लोगों के घरों में पहुंच रहे हैं। रेसिपी रेडी की शुरुआती कीमत 400 रुपये प्रति किलोग्राम है। नटराज वीकेसी नट्‌स का रिटेल एवं कंज्यूमर ब्रांड है।

के टच का ए-20 स्मार्ट फोन लांच

नई दिल्ली। मोबाइल बनाने वाली कंपनी के टच ने कम कीमत वाले मोबाइल में भी तेज गति से 3जी इंटरनेट ब्राउजिंग वाला स्मार्ट फोन ए-20 लांच किया है। एंड्रॉयड के किटकैट 4.4 ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलने वाले इस फोन की कीमत 2,999 रुपये है। इसमें मल्टी टास्किंग और ईजी ई-मेल कंफिगरेशन की सुविधा दी गई है, जिसके जरिए ई-मेल से जुड़े अटैचमेंट को आसानी से देखा और भेजा जा सकता है। फोन का मेन कैमरा 3 मेगापिक्सल का है, जिसके साथ फ्लैश भी दिया गया है। इसमें एक गीगाहर्ट्‌ज का प्रोसेसर, 256 एमबी रैम लगा है। फोन की मेमोरी 2 जीबी की है, जिसे 32 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है।

पीएनबी ने सावधि जमा पर ब्याज दरों में की कटौती

नई दिल्ली (ब्यूरो)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने घरेलू सावधि जमा योजनाओं में 8 जनवरी से चौथाई से आधी फीसदी की कटौती कर दी है। 1 करोड़ रुपये से कम की घरेलू सावधि जमा के लिए यह परिवर्तन किए गए हैं। बैंक द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 271 दिनों से एक साल की जमा पर ब्याजदर 8.25 फीसदी की जगह 7.75 फीसदी होगी। इसी तरह से 1 से 3 साल की जमा पर ब्याज दर 9 फीसदी से घटकर 8.75 फीसदी होगी। 5 से 10 साल की जमा पर 8.75 की जगह 8.50 फीसदी ब्याज मिलेगा।

स्वाइप ने लांच किया नया स्मार्टफोन स्वाइप मैराथन

नई दिल्ली। स्वाइप टेक्नोलॉजीज ने बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन स्वाइप मैराथन लांच किया है। स्वाइप मैराथन 60 दिनों की बैट्री बैकअप वाला भारत का पहला स्मार्टफोन है। स्मार्टफोन की कीमत 4,599 रुपये है। स्वाइप टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और सीईओ श्रीपाल गांधी ने कहा कि बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन स्वाइप मैराथन लांच करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

बिना सेट टॉप बॉक्स टीवी देखने वालों को देनी होगी अधिक कीमत

राजीव कुमार

- देशभर में 12 करोड़ ग्राहकों पर बढ़ेगा भार
- ट्राई ने जारी की बढ़ी केबल दरों की अधिसूचना

इस तरह होंगी नई दरें

नई दरों के मुताबिक 30 फ्री टू एयर चैनल देखने पर उपभोक्ताओं को 117 रुपये, 30 फ्री टू एयर और 20 पे चैनल देखने पर 234 रुपये तो 30 फ्री टू एयर और 20 से अधिक पे चैनल देखने पर 292 रुपये प्रतिमाह देने होंगे। इनमें सेवा कर और मनोरंजन कर शामिल नहीं है। सेवा और मनोरंजन कर को शामिल करने के बाद प्रतिमाह 400 रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा।

नई दिल्ली। बिना सेट टॉप बॉक्स के केबल टेलीविजन देखने वाले उपभोक्ताओं को जनवरी महीने से अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की तरफ से इस मामले में अधिसूचना जारी कर दी गई है। केबल की बढ़ी हुई दरों से देशभर में 12 करोड़ उपभोक्ता प्रभावित होंगे और यह सभी छोटे शहर या ग्रामीण इलाके के हैं। केबल टेलीविजन देखने वाले करीब 70 फीसदी उपभोक्ताओं के पास सेट टॉप बॉक्स नहीं है।

केबल टेलीविजन विशेषज्ञों के मुताबिक नई दरों के लागू होने से इन उपभोक्ताओं को केबल टीवी देखने के लिए मनोरंजन कर व सेवा कर समेत 150-400 रुपये प्रतिमाह तक चुकाना पड़ेगा। अगर कोई उपभोक्ता सिर्फ 30 फ्री टू एयर चैनल देखता है, तो उसे 150 रुपये प्रतिमाह तक देना होगा। अगर कोई उपभोक्ता 30 फ्री टू एयर और 20 से अधिक पे चैनल देखता है तो उसे 400 रुपये प्रतिमाह तक देने होंगे। केबल टीवी मामले के विशेषज्ञों के मुताबिक ट्राई की यह दर काफी अधिक है। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि छोटे शहरों व ग्रामीण इलाके में रहने वाले केबल टीवी उपभोक्ताओं को सेट टॉप बॉक्स लगाने के लिए न तो सरकार की तरफ से और न ही मल्टी सिस्टम ऑपरेटर्स की तरफ से कोई विस्तृत कार्यक्रम चलाया गया। अब इन उपभोक्ताओं को सेट टॉप बाक्स नहीं लगाने की वजह से केबल टेलीविजन के लिए दोगुनी कीमत चुकानी पड़ेगी। विशेषज्ञों के मुताबिक छोटे शहरों व ग्रामीण इलाके में रहने वाले उपभोक्ताओं को पे चैनल, फ्री टू एयर, बुके व बेसिक पैकेज की कोई जानकारी नहीं है। मल्टी सिस्टम ऑपरेटर्स की तरफ से इस मामले में उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए कोई कार्यक्रम या अभियान का आयोजन नहीं किया जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक सेट टॉप बाक्स की खुले बाजार में बिक्री केबारे में उपभोक्ताओं को पता नहीं होने से भी उपभोक्ता इसे नहीं लगा पाते हैं। सेट टॉप बॉक्स एक बार खराब होने पर इसके रिपेयर की जानकारी भी उपभोक्ताओं को नहीं है।

कंपनियां बना सकेंगी 100% नीम कोटेड यूरिया

अमर उजाला ब्यूरो

- 35 फीसदी उत्पादन की बंदिश को सरकार ने किया खत्म
- घटेगी खाद की खपत, सब्सिडी बिल में भी आएगी कमी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उर्वरक बनाने वाली कंपनियों को शत-प्रतिशत नीम कोटेड यूरिया बनाने की इजाजत दे दी है। यह फैसला किसानों की आय बढ़ाने में मददगार होने के साथ-साथ सरकार पर सब्सिडी के बोझ को भी 6,500 करोड़ रुपये तक कम कर सकता है।

फैसले की घोषणा करते हुए उर्वरक मंत्री अनंत कुमार ने कहा कि सरकार अगले पांच साल में उर्वरक के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। देश में खाद का उत्पादन बढ़ाने के लिए बंद पड़े पांच संयंत्रों को फिर से चालू करने के साथ-साथ नए प्लांट लगाने की भी योजना है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने नीम कोटेड यूरिया के उत्पादन पर लगी मात्रा संबंधी बंदिशों को खत्म करते हुए उत्पादकों को इसके शत-प्रतिशत उत्पादन की इजाजत दे दी है। सरकार का यह फैसला उर्वरक उद्योग और किसानों दोनों ही के लिए लाभदायक है। इससे पहले कंपनियों को अपने कारखाने की कुल उत्पादन क्षमता के महज 35 फीसदी तक ही नीम कोटेड यूरिया बनाने की अनुमति थी। अनंत कुमार ने कहा कि नीम कोटेड यूरिया का इस्तेमाल किसानों के लिए काफी लाभकारी होगा, क्योंकि इसकी नाइट्रोजन को मिट्टी में धीरे-धीरे छोड़ने की खूबी खेतों की उर्वरता बढ़ाने में मददगार होगी।

इससे किसान 15 से 20 फीसदी कम यूरिया इस्तेमाल करके ही अच्छी फसल उपजा सकेंगे। नीम कोटेड यूरिया से पैदावार में भी 15 से 20 फीसदी बढ़ोतरी होगी। देश में इस समय कुल 2.2 करोड़ टन यूरिया खाद का उत्पादन होता है, जिसमें से महज 20 से 25 फीसदी यूरिया ही नीम कोटेड होती है।

कतर एयरबस के बेड़े में शामिल हुए ए-350 एक्सडब्ल्यूबी विमान

शिशिर चौरसिया

QATAR AIRWAYS القطرية

विमान की पहली वाणिज्यिक उड़ान दोहा-फ्रेंकफर्ट मार्ग पर

एयरलाइंस ने कुल 80 विमानों का दिया है ऑर्डर

दोहा (कतर)। कतर एयरवेज के बेड़े में बुधवार को अत्याधुनिक विमान ए 350 एक्सडब्ल्यूबी भी शामिल हो गया। इसे बनाने वाली कंपनी एयरबस का दावा है कि इसमें न सिर्फ बेहतर सुविधाएं हैं, बल्कि इसी श्रेणी के अन्य विमानों (बोइंग के ड्रीमलाइनर एवं एक अन्य विमान) के मुकाबले ए 350 एक्सडब्ल्यूबी में इंधन की खपत करीब 25 फीसदी कम होती है। इसके कतर एयरवेज के बेड़े में शामिल हो जाने से ग्राहकों को न सिर्फ बेहतर सेवा मिल पाएगी बल्कि कंपनी का खर्च भी घटेगा।

कतर एयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अकबर अल बकर ने बताया कि ए 350 एक्सडब्ल्यूबी श्रेणी के दुनिया के पहले विमान को दोहा-फ्रेंकफर्ट मार्ग पर चलाया जाएगा। इसके बाद वियतनाम और फिनलैंड के मार्ग पर इस विमान को उड़ाया जाएगा। जैसे-जैसे इस श्रेणी के विमानों की आपूर्ति आती जाएगी, अन्य मार्गों पर इसे लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विमान की डिलीवरी तो 22 दिसंबर 2014 को ही ली जा चुकी है लेकिन अभी इसे औपचारिक रूप से बेड़े में शामिल किया जा रहा है। यूं तो कंपनी ने इस तरह के 80 विमानों का आर्डर दिया है लेकिन इस साल के अंत तक इसे 8 विमानों की डिलीवरी मिलने की संभावना है। कंपनी के पास बोइंग 787 ड्रीमलाइनर श्रेणी के भी विमान हैं, जिसे दिल्ली-दोहा समेत कई महत्वपूर्ण मार्गों पर लगाया गया हैं। कंपनी ने इस श्रेणी में 60 विमानों का आर्डर दिया है।

इस अवसर पर उपस्थित फ्रांसीसी कंपनी एयरबस के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसीडेंट डिडिलर इवरार्ड ने बताया कि ए 350 एक्सडब्ल्यूबी विमान के फ्रेम को तैयार करने में 53 फीसदी कार्बन फाइबर का उपयोग हुआ है, इसलिए यह अन्य विमानों की तुलना में बेहद हल्का है। यह प्रतिद्वंद्वी कंपनी बोइंग के ड्रीमलाइनर से बड़ा भी है। यही नहीं, इसके इंटीरियर भी अन्य विमानों से बेहतर हैं।

अकबर अल बकर का कहना है कि कतर एयरवेज गुणवत्ता के मामले में बेहद सख्त है और यह इसमें किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करती। कतर एयरवेज ने इस विमान में सिर्फ इकनॉमी और बिजनेस क्लास की सीटें रखी हैं। इकनॉमी क्लास में कुल 247 सीटें हैं, जबकि बिजनेस क्लास में 36 सीटें हैं।

स्कूलों के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाने की आवश्यकता: जितेन्द्र वर्मा

शिशिर चौरसिया

- आधुनिक तकनीक और प्रणालियों को अपना कर बनाया जा सकता है बेहतर माहौल

नई दिल्ली। शैक्षिक संस्थानों के लिए ई गवर्नेंस प्लेटफार्म उपलब्ध कराने वाली अमेरिकी कंपनी मल्टी डोमेन ग्लोबल रिलेशनशिप मैनेजमेंट (एमजीआरएम) का कहना है भारत की शिक्षण संस्थाओं में पारदर्शिता की बेहद कमी है।

इस कमी को दूर करने से न सिर्फ अभिभावकों की बच्चों के प्रति चिंता दूर हो जाएगी, बल्कि इससे शिक्षण संस्थाओं को भी लाभ होगा। एमजीआरएम के कार्यकारी निदेशक जितेन्द्र वर्मा ने अमर उजाला के साथ विशेष बातचीत में बताया कि भारत के अधिकतर स्कूलों में अभी भी पुरानी तकनीक से काम हो रहा है। अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में इस दिशा में काफी काम हो चुका है। अमेरिका में तो एमजीआरएम ने एक ऐसा प्लेटफार्म लांच किया है, जिससे स्कूल में बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने से लेकर वह क्या कर रहा है, क्या पढ़ रहा है, गृह कार्य कर रहा है या नहीं, गृह कार्य में क्या गड़बड़ियां हैं, पुस्तकालय में वह क्या पढ़ रहा है, कौन सी पुस्तकें ले रहा है जैसी जानकारियां दर्ज हो जाती हैं। इससे स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ अभिभावकों को भी इस बात की तसल्ली रहती है कि उनका बच्चे की क्या प्रगति है।

उन्होंने बताया कि एमजीआरएम ने एम स्टार के दो तंत्र विकसित किए हैं, एक स्कूल के लिए, जबकि दूसरा कॉलेज के लिए। स्कूल का तंत्र तो 2001 में ही लांच हो गया था, जिसमें प्री नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के लिए व्यवस्था है। इसमें सभी विद्यार्थियों एवं स्कूल के कर्मचारियों का डाटाबेस होता है और उसमें दैनिक उपस्थिति से लेकर परीक्षा, पुस्तकालय, कार्यक्रम, खेलकूद, एनसीसी और एनएसएस जैसे कार्यकलाप आदि का समावेश है। इसमें बच्चों के विकास और उनको सही परिवेश देने के बारे में कार्यक्रमों का तो समावेश किया ही गया है, संबंधित स्कूल के प्रशासनिक, वित्तीय और अन्य मसलों का भी हल दिया गया है। जितेन्द्र वर्मा का मानना है कि इससे सही मायने में स्कूलों में ई गवर्नेंस की शुरुआत हो सकती है।

एम स्टार के कॉलेज तंत्र के बारे में उन्होंन बताया कि इसमें दिल्ली के कई कॉलेजों को शामिल किया गया है। इससे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तो सुनिश्चित होती ही है, एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी और छात्र संघ और पूर्व छात्र संघ के काम की भी व्यवस्था है। एमजीआरएम भारत में वर्ष 2001 से ही काम कर रही है। इसके साथ देश के नामचीन मेयो गर्ल्स कालेज से लेकर दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय तक जुड़ चुके हैं। अभी हाल ही में कंपनी ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के कुछ स्कूलों में एक वर्ष के लिए अपने तंत्र को लागू किया है।

ख़बरें मोबाइल पर
amarujala.com

रहेजा डेवलपर्स ने लांच किया रहेजा अयान फ्लोर्स

नई दिल्ली (ब्यूरो)। रहेजा डेवलपर्स ने रहेजा अयान फ्लोर्स प्रोजेक्ट लांच किया है। यह प्रोजेक्ट लग्जरी, नेचर और टेक्नोलॉजी का मिश्रण है। इसमें खास तौर पर बंगला स्टाइल में फ्लोर तैयार किए गए हैं इन फ्लोर्स पर पहुंचने के लिए एलीवेटर्स हैं। रहेजा अयान रेजीडेंस सेक्टर 79 गुड़गांव में स्थित हैं। इसमें लग्जरी बंगला हैं। अयाज रेजीडेंट पांच एकड़ में फैला हुआ है। अयान रेजीडेंस विश्वस्तरीय एकीकृत टाउनशिप के बीच में स्थित है और यह अल्ट्रा लग्जरी रेजीडेंस की पेशकश करता है। रेजीडेंस में टेक्नोलॉजी की अहम भूमिका है। दरवाजा खोलना हो, पर्दे एडजस्ट करने हों या आपके इलेक्ट्रिकल गैजेट को प्री-शेड्यूल करना हो, सेफ्टी अलर्ट सेट करना हो, आप यह सब मात्र एक बटन टच करके कर सकते हैं।

परियोजना कार्यान्वयन इकाई
उत्तराखण्ड आपदा रिकवरी परियोजना (सड़क ओर पुल)
आयुक्त कर कार्यालय, तृतीय तल, जोगीवाला, मसूरी बाईपास रोड, नत्थनपुर (पुलिया न.-6)
देहरादून-248001, दूरभाष/फैक्स: +91-135-2669815 ईमेल: pwd.wb.uk@gmail.com

पत्रांक:- 27/निविदा प्रकाशन/2015 दिनांक:- 06.01.2015

राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक निविदा (अल्पकालीन)

परियोजना का नामः उत्तराखण्ड आपदा रिकवरी परियोजना (यूडीआरपी)
क्रेडिट सं 5313-IN

भारत सरकार ने उत्तराखण्ड आपदा रिकवरी परियोजना (यूडीआरपी) की लागत की दिशा में विश्व बैंक से वित्त पोषण प्राप्त किया है, और इसके बाद के संस्करण के रुप में निम्न वर्णित कार्यो के लिए आय का हिस्सा लागू करने का इरादा किया है। अतः निम्न कार्यो के लिए राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदाएं दिनांक 28 जनवरी, 2015, प्रातः 11.00 बजे तक वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर ऑन लाइन जमा की जा सकती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर दिनांक 12.01.2015 से दिनांक 28.01.2015 तक डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यो का विवरण-

क्र. सं.	जनपद	पैकेज न.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (₹ लाख में)	धरोहर राशि (₹ लाख में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में)
1	2	3	4	5	6	7
1	चमोली	UDRP/PWD/02/37/BR/01	चेपड़ो में पिण्डर नदी पर 120 मी. स्पान पैदल झूला पुल का पुनः निर्माण कार्य।	589.55	11.80	15
2	चमोली	UDRP/PWD/02/37/BR/02	नारायणबगड़ में पिण्डर नदी पर 90 मी. स्पान पैदल झूला पुल का पुनःनिर्माण कार्य।	486.60	10.00	15
3	उत्तरकाशी	UDRP/PWD/01/31/BR/03	नलूणा में भागीरथी नदी पर 120 मी. स्पान पैदल झूला पुल का पुनःनिर्माण कार्य।	542.00	10.85	15
4	उत्तरकाशी	UDRP/PWD/01/31/BR/04	डिडसारी में भागीरथी नदी पर 100 मी. स्पान पैदल झूला पुल एवं पहुंच मार्ग का पुनःनिर्माण कार्य।	553.00	11.10	15

(दिलीप जावलकर), कार्यक्रम प्रबन्धक
पी.आई.यू., (रोड एण्ड ब्रिज), यू.डी.आर.पी., देहरादून।

दिल्ली जल बोर्ड : रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार
कार्यालय - कार्यपालक अभियंता (पश्चिम)-II
डी-ब्लॉक, मोती नगर, नई दिल्ली-110015
प्रेस निआसू सं. 52 (2014-15)

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा का मूल्य	ई-प्रोक्यूरमेंट सॉल्यूशन में निविदा के निर्गमन की तिथि	ई-प्रोक्यूरमेंट सॉल्यूशन के जरिये निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1	पश्चिम-II एसी-26 मादीपुर में रघुबीर नगर 25 वर्ग में बी-ब्लॉक में ए-51 से बी-107 तक पुराने सीवर लाईन को प्रतिस्थापित करके एस/सिस्टम का सुधार। निविदा आई.डी. सं. 2015_डीजेबी_74732_1	2860629/-	05.01.2015 को सायं 5.00 बजे से	15.01.2015 को अप. 3.00 बजे तक।
2	पश्चिम-II में ए-ब्लॉक जनता कॉलोनी में ए-58 से ए-19 तक पुरानी व क्षतिग्रस्त सीवर लाईन का प्रतिस्थापन एवं पुनः-ग्रेडिंग। निविदा आई.डी. सं. 2015_डीजेबी_74732_2	1266822/-	05.01.2015 को सायं 5.00 बजे से	15.01.2015 को अप. 3.00 बजे तक।
3	ईई (पश्चिम)-II एसी-39 राजेंद्र नगर के अंतर्गत यूजीआर से बाजार मार्ग ओल्ड राजेंद्र नगर तक जलापूर्ति के सुधार हेतु 200 मि.मी. व्यास की वाटर लाईन मुहैया कर बिछाई जानी। निविदा आई.डी. सं. 2015_डीजेबी_74732_3	2440509/-	05.01.2015 को सायं 5.00 बजे से	15.01.2015 को अप. 3.00 बजे तक।

इस संदर्भ में विस्तृत ब्यौरा वेबसाइटः https://delhi.govtprocurement.com पर देखा जा सकता है।

ज. सं. कार्या. (जल) द्वारा जारी (अनिल कुमार)
विज्ञापन सं. जेएसवी 2014-15 (417) कार्यपालक अभियंता (पश्चिम)-II

ई, कौन सा मोबाइल हुआ लॉन्च, कौन सा है आ की जेब की जद में amarujala.com पर

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्याः 1-एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती/107 दिनांक 02.12.2014 का प्रथम शुद्धिपत्र

कार्य का नाम : तुगलकाबाद जंक्शन केबिन से बल्लभगढ़ के मध्य चौथी लाईन में पलवल, असौटी, प्याला और बल्लभगढ़ यार्ड में पी.एन.आई./ एन.आई. के सम्बन्ध बी.जी. ट्रैक, पोईटंस एवं क्रॉसिंग, ट्रैप्स का बिछाना, पुराने रेलवे ट्रैक को उखड़ना, पी.वे. सामान व पी.आर.सी. स्लीपर की ढुलाई तथा 65 मी.मी. मशीन द्वारा तौड़ी गई गिट्टी को बिछाना तथा पी.वे. लिकिंग से अन्य सम्बन्धित कार्य करना। इस कार्यालय की उपर्युक्त निविदा सूचना के अर्न्तगत निम्नलिखित बदलाव किये जाते है:– **1.** निविदायें जो दिनांक **08.01.2015** को खुलनी थी अब **29.01.2015** को निर्धारित स्थान पर खोली जायेंगी। **2.** निविदा प्रपत्र दिनांक **14.01.2015** से **28.01.2015** तक बिक्री के लिये उपलब्ध होगी। अन्य विवरण यथावत् रहेंगे। यह शुद्धिपत्र उ.रे. की वेबसाईट www.nr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है।
संख्याः 1-एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती/107 दिनांक 06.01.2015 59/15

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मण्डल रेलवे प्रबन्धक (यांत्रिक) उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा अनुभवी व सक्षम निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नामः** सलाना फायर पिचकारी डी.सी.पी. टाइप की मरम्मत (निरीक्षण तिमाही में एक बार कुल सलाना चार बार) मरम्मत के निर्देशानुसार। **2. कार्य स्थलः** दिल्ली मंडल। **3. कार्य अवधिः** एक साल। **4. अनुमानित लागत राशिः** रू. 41,32,375/- **5. बयाना राशि, वरि. मण्डल वित्त प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली के नामः** रू. 82,650/- **6. निविदा प्रपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय):** रू. 3,000/- रेलवे स्टेशन से प्राप्त रकम रसीद अथवा पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा वरि. मण्डल वित्त प्रबन्धक उत्तर रेलवे, नई दिल्ली के नाम। डाउनलोड किए दस्तावेज शुल्क के बिना जमा करने पर तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। **7. निविदा प्रपत्र की उपलब्धताः** यांत्रिक शाखा, मण्डल रेलवे प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली 110055 दिनांक 06.01.2015 से 09.02.2015 तक किसी भी कार्य दिवस में 12.00 बजे तक। निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है। **8. निविदा बॉक्स बन्द होने का समयः** 15.00 बजे, दिनांक 09.02.2015 **9. निविदा खुलने का समयः** 15.15 बजे, दिनांक 09.02.2015 अगर निविदा खोले जाने की तिथि में अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेगी। **10. निविदा बॉक्स खुलने का स्थानः** निविदा कक्ष, मण्डल रेलवे प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली–110055 **संः 197-एस-11-एफ. एक्स-14-एम सी-4**
दिनांकः 05.01.2015 38/2015

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN : U40108JH2013SGC001704)
Engineering Building HEC, Dhurwa, Ranchi - 834004

1st TENDER EXTENSION NOTICE

Tender invited for Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of 220/132/33 kV (2x150+2x50 MVA) Grid Sub-Station at Giridih on turnkey basis has been extended in following manner : –

NIT No.	Description of Tender
190/PR/ JUSNL/14-15	Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection Testing and Commissioning of 220/132/33 kV (2x150+2x50 MVA) Grid Sub -Station at Giridih on turnkey basis.

1. Last date of Sale of BOQ – **05.02.2015**
2. Date & Time for submission - **06.02.2015 at 02:00 PM**
3. Date & Time of opening of Tender (part-I) - **06.02.2015 at 04:00 PM**

All other terms & conditions of the tender shall remain the same.
This extension notice is also available on the website **www.juvnl.org.in**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें
Save Energy for the benefit of Self and Nation

CE (Transmission)
JUSNL, Ranchi

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN : U40108JH2013SGC001704)
Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi - 834004

TENDER NOTICE

Sealed tender in two parts each in duplicate i.e. Techno & Commercial (Part-I) and Price Offer (Part – II) are invited from the manufactures having sound financial status for Design, Manufacturing, Testing and Supply of following materials as per specification of NIT:

NIT no.	Name of Material	Qty.	Period of sale of B.O.Q. (during working hours)	Date of submission of tender	Date of opening (Part–I)
301/PR/ JUSNL/ 14-15	33/.04 kV, 315 kVA SST with all its accessories	10 Sets	Upto 05.02.2015	Upto 13.30 Hrs. of 06.02.2015	At 15.30 Hrs. on 06.02.2015
302/PR/ JUSNL/ 14-15	**220 kV current transformer with ratio having 0.2 accuracy class**		Upto 09.02.2015 (during working hours)	Upto 13.30 Hrs. of 10.02.2015	At 15.30 Hrs. on 10.02.2015
	1200-600-300/1-1-1 (5 core)	21 Nos			
	800-400-200/ 1-1-1 (5 core)	09 No.			
	132 kV current transformer with ratio having 0.2 accuracy class				
	800-400-200/ 1-1-1 (4 core)	10 Nos			
	600-300-150/ 1-1-1 (4 core)	21 Nos			
	33 kV current transformer with ratio having 0.2 accuracy class				
	1200-600-300/1-1-1 (4 core)	42 Nos			
	600-300-150/ 5-5-5 (4 core)	18 Nos			
303/PR/ JUSNL/ 14-15	220 kV PT (220/ 110 V)	03 Nos	Upto 10.02.2015 (during working hours)	Upto 13.30 Hrs. of 11.02.2015	At 15.30 Hrs. on 11.02.2015
	132 kV PT (132/110 V)	03 Nos			
	33 kV PT (33/110 V)	06 Nos			
304/PR/ JUSNL/ 14-15	33 kV Lightning Arrestors	50 Nos	Upto 10.02.2015 (during working hours)	Upto 13.30 Hrs. of 11.02.2015	At 15.30 Hrs. on 11.02.2015
305/PR/ JUSNL/ 14-15	**Control & Relay Panel**		Upto 11.02.2015 (during working hours)	Upto 13.30 Hrs. of 12.02.2015	At 15.30 Hrs. on 12.02.2015
	220/132 kV Transformer panel with all relays and meters	01 Set			
	220 kV Feeder panel with all relays and meters	01 Set			
	132/33 kV Transformer panel with all relays and meters	01 Set			
	33 kV bus coupler panel	02 Set			
	AC Distribution Panel	01 Set			
	DC Distribution Panel	01 Set			

Terms & Conditions: -

1. Tender Notice and Tender document will be available on website www.juvnl.org.in Bidders may purchase Tender Document from the office of the Chief Engineer (Transmission) within the schedule period by paying the cost of tender documents (Non-refundable) either in cash or in the shape of Demand Draft in favour of "**Accounts Officer, JUSNL, Ranchi, payable at Ranchi**" or download the tender document during the period of Sale as mentioned so that time can be saved for preparation of bid but the cost of Tender Document (Demand Draft) must be accompanied with Bid submission. All the pages of the tender documents purchased/ downloaded must be signed by the bidder as a token acceptance. **All documents submitted should be properly paged with seal & sign of authorized person**.
2. Tender must be accompanied with earnest money mentioned against NIT in shape of Demand Draft / Banker's Cheque, payable at Ranchi in favour of Accounts Officer, JUSNL, Ranchi failing which tender will be rejected.
3. Tenderer must submit type tested certificate issued by any Govt. laboratory of tendered material alongwith tender.
4. Request for issue/ submission of tender document by post / Courier will not be entertained.
5. For any clarification please contact no.0651-2400008/ 94311 02925 & visit our website www.juvnl.org.in

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें
Save Energy for the benefit of Self and Nation

C. E. (Trans.)
Ranchi